भारत सरकार
गृह मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2883
दिनांक 10 मार्च, 2026 / 19 फाल्गुन, 1947 (शक) को उत्तर के लिए

एनएफआईईएस के लिए निधि

†2883. डॉ. बायरेड्डी शबरीः

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) राष्ट्रीय फोरेंसिक अवसंरचना संवर्धन योजना (एनएफआईईएस) की स्वीकृति के बाद से इसके अंतर्गत राज्य-वार आवंटित, जारी और उपयोग की गई कुल निधि का ब्यौरा क्या है;
(ख) एनएफआईईएस के अंतर्गत नियोजित और स्थापित केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशालाओं (सीएफएसएल) की संख्या कितनी है और प्रत्येक के लिए आवंटित, जारी और उपयोग की गई निधि का स्थान और प्रचालन स्थिति सहित ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार को आंध्र प्रदेश से सीएफएसएल की स्थापना के लिए कोई अनुरोध प्राप्त हुआ है और ऐसे प्रस्तावों की वर्तमान स्थिति क्या है;
(घ) एनएफआईईएस के अंतर्गत स्थापित राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एनएफएसयू) के कितने ऑफ-कैंपस कार्य कर रहे हैं और वे कहाँ-कहाँ स्थित हैं तथा उनके वित्तपोषण का ब्यौरा क्या है; और
(ङ) क्या सरकार को आंध्र प्रदेश से एनएफएसयू का ऑफ-कैंपस केंद्र स्थापित करने के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी स्थिति क्या है?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री बंडी संजय कुमार)

(क) से (ङ): भारत सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 से 2028-29 तक की अवधि के लिए ₹2254.43 करोड़ के कुल वित्तीय परिव्यय के साथ राष्ट्रीय फोरेंसिक अवसंरचना संवर्धन योजना (एनएफआईईएस) को अनुमोदन दिया है। इस योजना के तहत, राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एनएफएसयू) के 09 परिसरों की स्थापना के लिए ₹1309.13 करोड़ और 07 केंद्रीय फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशालाओं (सीएफएसएल) की स्थापना के लिए ₹860.3 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। इस योजना के अंतर्गत ₹64.01 करोड़, ₹64 करोड़ एनएफएसयू कैंपस के लिए और ₹0.01 करोड़ सीएफएसएल के लिए, की राशि जारी और उपयोग

की गई है। यह योजना चिन्हित स्थानों पर फोरेंसिक अवसंरचना के निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण हेतु केंद्रीय स्तर पर लागू की जा रही है।

योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एनएफएसयू) के 09 कैंपस की स्थापना को नागपुर (महाराष्ट्र), रायपुर (छत्तीसगढ़), खोरधा (ओडिशा), चेंगलपट्टू (तमिलनाडु), राजस्थान, बिहार, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश तथा पश्चिम बंगाल में अनुमोदित किया गया है। वर्तमान में एनएफएसयू के परिसर नागपुर (महाराष्ट्र), रायपुर (छत्तीसगढ़), खोरधा (ओडिशा), चेंगलपट्टू (तमिलनाडु) तथा जयपुर (राजस्थान) में आवंटित अस्थायी भवनों से क्रियान्वित हैं।

इसके अतिरिक्त, रायपुर (छत्तीसगढ़), खोरधा (ओडिशा), चेंगलपट्टू (तमिलनाडु), राजस्थान, बिहार, उत्तर प्रदेश तथा केरल में 07 केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशालाओं (सीएफएसएल) की स्थापना को भी अनुमोदन दिया गया है। अनुमोदित 07 सीएफएसएल में से छत्तीसगढ़, ओडिशा, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश तथा बिहार में स्थापित की जाने वाली सीएफएसएल को एनएफएसयू कैंपस के साथ सह-स्थापित किया जाना प्रस्तावित है। सीएफएसएल की स्थापना के लिए आंध्र प्रदेश सरकार से ऐसा कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। अब तक नागपुर (महाराष्ट्र), रायपुर (छत्तीसगढ़), खोरधा (ओडिशा) तथा चेंगलपट्टू (तमिलनाडु) में एनएफएसयू कैंपस / सीएफएसएल के लिए भूमि आवंटित की जा चुकी है।

****